कॉलेज में व्यवसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ

दै.भा. 06/10/15

कॉलेज में व्यवसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राध्यापक।

गुरूर|शासकीय कॉलेज में सोमवार को व्यवसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा अभियान के तहत रखा गया था।

कार्यक्रम में मां बहादुर कॉलेज, विंध्यवासिनी कॉलेज सनौद के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने सहभागिता दी। कलेक्टर राजेश सिंह राणा ने प्रशासनिक सेवाओं, बैंकिंग व अन्य विभागों की भर्ती परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुद्रा योजना का लाभ बेरोजगार कैसे ले सकते है व अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। कालेज के प्राचार्य डॉ. एमआई मेमन, डॉ आरके जैन, एसके शर्मा, प्रो ओपी चंदे, केएल रावट आदि मौजूद रहे।